बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन की मौत, महिला गंभीर

पुरैना, महराजगंज आज। घुघली-शिकारपुर मार्ग पर बरवा खुर्द गांव के पास बुधवार रात करीब 10 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन



लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं।जानकारी के अनुसार, महेशपुर कबेलवा निवासी रामरतन (35) अपनी पत्नी यशोदा (32) के साथ कुशीनगर से घुघली लौट रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार अकबरपुर, पडरौना निवासी दुर्गेश (30) और रानीपुर मझौआ निवासी राहुल यादव (22) शिकारपुर की ओर जा रहे थे। बरवा खुर्द के पास दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं।टक्कर के बाद चारों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची घुघली पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने रामरतन और राहुल को मृत घोषित कर दिया। दुर्गेश ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।गंभीर रूप से घायल यशोदा को प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर रेफर किया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की खबर से तीनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

♦ घुघली-शिकारपुर मार्ग पर बरवा खुर्द के पास रात 10 बजे हुआ हादसा, परिवारों में मचा कोहराम

मिशन शक्ति अभियान के तहत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन

झुलनीपुर (आज)। स्थानीय थाना अंतर्गत मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत सीमावर्ती गांव मिश्रौलिया में बहू- बेटी सम्मेलन



का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराध जालसाज से संबंधित जानकारी दी गई तथा विभिन्न प्रकार की हेल्प नंबर 1098, 1090, 112, 102, 108, 1930 गुड टच बैड टच आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला संबंधित कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, महिला समृद्धि योजना आदि के बारे में जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान महिला कांस्टेबल अंजलि रावत आशा फूला देवी सखी समूह फूला देवी आंगनबाड़ी मीना कांदु स्वास्थ्य सखी नेहा गुप्ता आदि मौजूद रही।

शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल गश्त

श्यामदेउरवा (आज)। आगामी दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए



रखने के लिए बुधवार शाम सात बजे पुलिस ने श्यामदेउरवा कस्बे में पैदल गश्त की। क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम और थानाध्यक्ष श्यामदेउरवा महेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और वाहनों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने त्योहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। पुलिसकर्मियों को अराजक तत्वों पर नजर रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों में शांति बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गश्त में उपनिरीक्षक अंजनी कुमार, मंगला प्रसाद व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मौसम बदलते ही सर्दी जुकाम के मरीज बढ़े

घुघली आज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली के महत्वपूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर देऊरवा विकासखंड घुघली के डॉ आदित्य पांडे के हवाले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली द्वारा बताया गया कि आज ओपीडी के दौरान अधिकतर मरीज खांसी जुखाम बदन दर्द सर दर्द से पीड़ित मिल रहे थे कुछ मरीज चर्म रोग के भी मिले।

मरीजों में श्याम, करण, शकरुन, राधेश्याम वर्मा, राम मूरत, नूरजहां, रिंकी चौरसिया, यासिर नबी, तुला, सैयद खातून, अजीत सिंह आदि दो दर्जन मरीजों को लाभ मिला।

उक्त अवसर पर फार्मासिस्ट संजय उपाध्याय वार्ड बॉय नागेंद्र यादव लैब टेक्नीशियन कौशल स्टाफ नर्स अंजलि आदि लोग रहे।डॉ आदित्य पांडे ने मौसम के बदलाव पर लोगों को सावधान रहना होगा सुबह शाम गरम कपड़ा पहने खाना हल्का हो खाने में सलाद का प्रयोग करें सुबह एक गिलास पानी जरूर पिए जिसमें प्रयास करें नींबू हो।

बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

महाराजगंज (आज)भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में समवाय बरगदवा में कबड्डी प्रतियोगिता का



जनजातीय गौरव दिवस 2026 के अंतर्गत 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, महाराजगंज के कमांडेंट शक्ति आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में सीमावर्ती क्षेत्र के बरगदवा प्रथम बरगदवा द्वितीय पिपरा एवं पड़ौली गांव की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उप निरीक्षक (सामान्य) पुष्प राज, समवाय प्रभारी बरगदवा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बरगदवा प्रथम की टीम विजेता तथा ग्राम पिपरा की टीम उपविजेता रही।इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं कार्मिकों सहित सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं में खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों और सशस्त्र सीमा बल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढे , राहगीरों के लिए मुसिबत

आनन्दनगर । फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरा महराज से उसरी तक जाने वाली पक्की सड़क की हालत इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब पांच साल पहले बनी यह सड़क समय से पहले ही बदहाल हो गई है, लेकिन इसकी मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।क्षतिग्रस्त सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीरों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

राजेंद्र पटेल ने बहुआर बाजार में दुकानदारों से लिया आशीर्वाद

झुलनीपुर (आज) 317 सिसवा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के भावी



प्रत्याशी राजेंद्र पटेल ने सीमावर्ती क्षेत्र के बहुआर बाजार में बृहस्पतिवार को दुकानदार तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका स्नेह आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय विकास और जनहित के कार्यों को लेकर लोगों से चर्चा भी की गई। राजेंद्र पटेल ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और जन सेवा उनका संकल्प है। लोगों से मिल रहे स्नेह और सहयोग से जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों तथा दुकानदारों के प्रति आभार आभार व्यक्त किया।

छापेमारी में पकड़ी गई नकली टाटा नमक की फैक्ट्री, 425 पैकेट बरामद

श्यामदेउरवा (आज) श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में नकली टाटा नमक बनाने व बेचने के धंधे का टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर से अधिकृत जांचकर्ता की सूचना पर पुलिस ने कतरारी गांव स्थित एक मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली नमक, खाली रैपर व पैकिंग मशीन बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीरज गौड़ निवासी कुंदन नगर, लक्ष्मीनगर, दिल्ली, ऐश्वर आईपी प्रोटेक्शन एजेंसी में जांचकर्ता हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में कंपनी के नाम से नकली टाटा नमक बनाया व बेचा जा रहा है। सत्यापन पर उन्होंने श्यामदेउरवा पुलिस को सूचित किया। इसके बाद कांस्टेबल के साथ टीम कतरारी पहुंची। मकान मालिक ने अपना नाम श्यामू प्रसाद निवासी ग्राम बनचारा, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर बताया। तलाशी में कमरे से टाटा नमक के खाली रैपर, मशीन, खुला नमक व भरा नमक मिला। कंपनी प्रतिनिधि की जांच में सामान असली उत्पाद से मेल नहीं खाया, जिससे स्पष्ट हुआ कि यहीं नकली नमक की पैकिंग हो रही थी। मौके से 1 किग्रा के 425 भरे पैकेट, 4320 खाली रैपर, लगभग 25 किग्रा खुला नमक व एक इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन बरामद हुई। सामान को सील कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

♦ कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर से अधिकृत जांचकर्ता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

सिसवा बाजार ।कोठीभार थानाक्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मुकरने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। नगर के एक वार्ड निवासी एक युवती ने मा न्यायालय में याचिका दाखिल कर कहा है कि पडरौना कोतवाली निवासी एक युवक ने पहले उससे शादी करने का भरोसा दिलाकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने आरोप लगाया है कि जब उसने शादी की बात कही तो युवक ने कोर्ट मैरिज करने के लिए महाराजगंज ले गया और वहीं में छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने पीड़िता ने स्थानीय स्तर और एसपी महराजगंज द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर मा न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

महिला ने तहरीर देकर बेटी संग दुष्कर्म का लगाया आरोप

सिसवा बाजार। कोठीभार थानाक्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक युवक पर अपनी बेटी के साथ बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि उक्त मनबढ़ युवक रात्रि में दो बजे मेरी पुत्री को सुनसान जगह ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया और गाली गुप्ता देकर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

शिक्षा जीवन का मूल आधार है -गौरव कन्नौजिया

आनंदनगर आज। फरेंदा क्षेत्र के चंदनपुर सेमरहनी स्थित दिव्य ज्योति नेशनल एकेडमी में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल, उपहार और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित



गुरुवार को सामान्य ज्ञान (जीके) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रथम, किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरंदरपुर थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया रहे। विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व प्रधान चंद्रशेखर चौधरी ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सृष्टि गौंड ने प्रथम, अर्चिता चौधरी ने द्वितीय तथा अंजली चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि ने प्रथम स्थान प्राप्त सृष्टि को साइकिल, द्वितीय स्थान प्राप्त अर्चिता को ट्रॉली बैग तथा तृतीय स्थान प्राप्त अंजली को स्कूल बैग, मेडल और मोमेंटो प्रदान किया।गौरव कन्नौजिया ने कहा कि शिक्षा जीवन का मूल आधार है। इसके माध्यम से बच्चे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनंत कुमार चौधरी, विजय बहादुर चौधरी, प्रद्युम्न साहनी, नागेंद्र कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

♦ जीके प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मिला सम्मान

मनु लॉ कॉलेज में नानावती केस पर मूट कोर्ट का मंचन

निचलौल आज। मनु लॉ कॉलेज, निचलौल के मूट कोर्ट हॉल में गुरुवार को भारतीय आपराधिक न्यायशास्त्र के ऐतिहासिक मामले के. एम. नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य (1962) पर आधारित मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने सत्र विचारण एवं उच्चतम न्यायालय विचारण की दो स्तरीय न्यायिक प्रक्रिया का प्रभावशाली मंचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि मूट कोर्ट के माध्यम से विद्यार्थी पुस्तकीय ज्ञान को व्यावहारिक न्यायिक प्रक्रिया में उतारते हैं। नए कानूनों बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के दौर में ऐतिहासिक मामलों की नए संदर्भों में व्याख्या विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

प्राचार्य डॉ. अखिलेश्वर राय ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य के अधिवक्ताओं में जिरह, साक्ष्य मूल्यांकन और वकालत के कौशल को विकसित करते हैं।

इस अवसर पर उपाचार्य एवं मूट कोर्ट नोडल अधिकारी डॉ. रुद्रेश कुमार, सह-नोडल अधिकारी अरुणा मिश्रा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

भारत-नेपाल सीमा पर 60 लाख का गांजा बरामद, महिला समेत दो गिरफ्तार

महराजगंज आज। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ महराजगंज पुलिस और एटीएस की संयुक्त



टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को नौवाबारी के पास चेकिंग के दौरान एक महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर 1 क्विंटल 22 किलो 975 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में ठूठीबारी पुलिस, एटीएस सिद्धार्थनगर और एटीएस गोरखपुर की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नैमुन निशा उर्फ जहांतारा (49), निवासी चैनपट्टी, कुशीनगर और राजेंद्र गौड़ उर्फ रविंद्र (50), निवासी आजाद नगर, सेवरही, कुशीनगर के रूप में हुई है।पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी 32 एलबी 9957 भी बरामद किया है। इस मामले में ठूठीबारी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार राजेंद्र गौड़ के विरुद्ध कुशीनगर और बस्ती जनपद में गांजा तस्करी के दो पुराने मुकदमे भी दर्ज हैं। दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

♦ ठूठीबारी पुलिस और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई, तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी जब्त

धूमधाम से आई मां लक्ष्मी, आतिशबाजी से भव्य स्वागत

श्यामदेउरवा (आज)। दीपावली पर्व को लेकर श्यामदेउरवा कस्बे में श्री श्री लक्ष्मी पूजा बाल सेवा समिति द्वारा बीती रात मां लक्ष्मी की प्रतिमा



धूमधाम के साथ पंडाल में लाई गई। प्रतिमा के पंडाल में पहुंचते ही पूरे कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर मां लक्ष्मी का भव्य स्वागत किया और जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने फूल-माला अर्पित कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन में समिति के सुगनू, धीरज, राज, दीपक, रवि, विपिन, संदीप, अभय, आदर्श, समेत तमाम युवा लड़के सक्रिय रहे। युवाओं के सहयोग से पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान कस्बे की मुख्य सड़कों और बाजारों में दीपों की रोशनी व पटाखों की गूंज से दीपावली का माहौल मनमोहक हो गया। आयोजकों के अनुसार दीपावली के दिन मां लक्ष्मी की विशेष पूजा व महाआरती होगी।

एक दिवसीय शिविर का आयोजन

अड्डा बाजार आज । स्थानीय क्षेत्र के जगदीश प्रसाद पांडे स्मारक



पीजी कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया हो सके तो एक जिसमें भारत इकाई के तत्वाधान में विकसित भारत के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चार टीमों ने प्रतिभा किया और नीतू की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बच्चों को आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना इसका उद्देश्य है द्य इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डाक्टर बृजमोहन शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी शिखा तिवारी, राम बदन राम, नीरज सिंह, साबिर अख्तर,अजय मिश्रा, नागेश्वर दुबे, रुखसार फातिमा सहित दर्जनों शिक्षक एवं स्वयंसेवक और स्वयं सेविका उपस्थित रहे।

बाल विवाह पर जागरुकता बैठक संपन्न

महराजगंज। जन्नतुल फ़िरदौस सुन्नी जामा मस्जिद सोनौली बाजार में प्रधानाचार्य गुलाम सरवर कादरी की अध्यक्षता में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा - नौतनवा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बाल संरक्षण अधिकारी श्रवण कुमार ने कहा कि आज जागरुकता कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सोनौली क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इसके लिए संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर मौलाना निजामुद्दीन ने शादी का उम्र लड़की का 18 वर्ष और लड़का का 21 वर्ष बताएं। इससे कम उम्र में शादी करने से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, और जीवन यापन करने में भी कठिनाई होती है।

रोजगार मेले में 785 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन

महराजगंज आज, 05 नवम्बर 2026, उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज एवं जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक श्री जयमंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में अमेजॉन, वेयर हाउस, वोडाफोन आइडिया, एयरटेल पेमेंट बैंक, संगम सोलर सहित 20 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा लगभग 2200 रिक्तियों के सापेक्ष कुल 1345 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 785 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविकांत पटेल, कॉलेज प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट, प्राचार्य डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. शांतिशरण मिश्रा सहित जिला सेवायोजन अधिकारी श्री पंकज सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

